# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-
1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।
2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।
3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।
महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ
1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 – वीमेन पावर लाइन
181 – वीमेन हेल्पलाइन
112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस
108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा
1098 – चाइल्ड लाइन
101 – अग्निशमन सेवा
1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।
इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** आज दिनांक 05.04.2026 को पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसियेशन उ0प्र0(वामा सारथी) के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन्स चित्रकूट स्थित कान्हा सभागार में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर एवं टाटा 1 एमजी द्वारा स्वस्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें होम्योपैथिक विभाग टीम द्वारा डॉ0 प्रभु सिंह व0चि0अ0, श्री बद्री प्रसाद वर्मा फार्मासिस्ट श्री विनय सिंह व अभिमान प्रसाद चतुर्थ श्रेणी एवं टाटा 1 एमजी टीम द्वारा पुलिसकर्मियों व पुलिस परिवारीजनों का स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कर औषधि वितरण की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,प्रभारी आरटीसी निरीक्षक श्री शिवमूरत यादव,पीआरओ श्री प्रवीण पाल व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना मऊ पुलिस टीम ने गोदाम से सरिया चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को चोरी के सरिया के 262 टुकड़ों (01 कुण्तल 02 किग्रा) के साथ गिरफ्तार किया गया।

**अभियुक्तों का नाम पता का विवरण-**

1.अवधेश निषाद पुत्र अर्जुन निषाद
2.अखिलेश निषाद पुत्र त्रिलोकी निवासीगण मैदाना थाना मऊ जनपद चित्रकूट

**बरामदगी-**

चोरी गये सरिया के कुल 262 टुकड़े (01 कुण्तल 02 किग्रा)

**गिरफ्तारी का स्थान/दिनाँक-**

शिवपुर तिराहा की ओर थाना मऊ,05.04.2026

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनाँक 12.03.2026 को वादी विष्णु गुप्ता पुत्र गोमती चन्द गुप्ता नि0 मऊ तह मऊ जिला चित्रकूट द्वारा थाना मऊ पर सूचना दी गयी कि उनका अहिरी धर्मकाँटा के पास में गोदाम है जहां पर लोहे की सरिया रखी रहती थी जहां से लगभग 35 कु० सरिया चोरी हो गयी थी उपयुक्त चोरी की सरिया कि घटना के बारे मे जानकारी का प्रयास करने पर जानकारी प्राप्त हुयी कि अवधेश पुत्र अर्जुन नि० मऊ मैदाना अखलेश पुत्र त्रिलोकी नि0 मऊ मैदाना व बडकू पुत्र बनारसी नि० टिकरा टोला मऊ और अन्य लोग जिसमें अन्य लोग भी सम्मिलित है जिसकी मेरे पास फोन रिकोर्ड है। इस सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 78/26 धारा 305A बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रभारी निरीक्षक मऊ को अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आज दिनाँक 05.04.2026 को थाना मऊ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर शिवपुर तिराहे से करीब 100 मीटर पहले अभियुक्त 1.अवधेश निषाद उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र अर्जुन निषाद 2. अखिलेश निषाद उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र त्रिलोकी निवासीगण मैदाना थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। दोनो अभियुक्तगण से मुकदमा उपरोक्त की घटना में चोरी गये सरिया के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगो व बड़कू पुत्र बनारसी नि० टिकरा टोला नि० थाना मऊ चित्रकूट के साथ मिलकर विष्णु (वादी) गुप्ता के गोदाम से लगभग 20-22 कुंटल सरिया चोरी किया था जिसे हम लोगो ने साथ मिलकर एक ट्रक वाले को बेच दिया था तथा कुछ सरिया के टुकडे चंदई से तिलौली की ओर जाने वाले रोड पर एक पुलिया रोड पर एक पुलिया के नीचे छुपा दिये थे। दोनों अभियुक्तगण से ट्रक वाले के बारे मे जानकारी चाही गयी तो बताए कि हम ट्रक वाले को जानते नही है वह कर्वी से प्रयागराज की ओर गया था। बेचे गये सरिया के पैसो के बारे में पूछने पर बताया कि हम लोग पैसे आपस में बांट लिये थे जो खर्च हो गये हैं। पुलिस टीम द्वारा चोरी के शेष माल की बरामदगी हेतु दोनो अभियुक्तगण को उनके द्वारा बताये गये स्थान पर ले जाया गया जहाँ अभियुक्त अवधेश द्वारा बताया गया कि हम

तीनों लोगो ने यही पुलिया पर मिलकर सरिया छुपाया था। पुलिया की ओर नीचे उतरकर अभियुक्तगण की निशांदेही पर चोरी गये सरिया के कुल 262 टुकड़े बरामद किये। चोरी के माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.उ0नि0 अभिषेक कुमार वर्मा

2.का0 राकेश कुमार

3. का0 सोनपाल

4.चालक हे0का0 बृजेश कुमार यादव

**(4).** दिनांक 05.04.2026 को रेलवे विभाग के पोइंट्समैन बरगढ़ मोबाइल नम्बर 8076911474 द्वारा सूचना दी गयी कि आज दिनांक 05.04.2026 को लगभग सुबह 07.00 बजे ग्राम कटैयाडांडी के पास अज्ञात पुरूष का कटैयाडांडी डाउन लाइन किमी. 1292/18 से 1292/20 के बीच एक अज्ञात मृत व्यक्ति डाउन लाइन के बगल में ट्रेन से कटा हुआ मृत अवस्था में पड़ा होने के सम्बन्ध में दिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक टिकट ट्रेन का टिकट प्राप्त हुआ जिसमें यात्रा मानिकपुर जंक्शन से जिला मऊ (उ0प्र0) जाने का स्थान होना वर्ज है। अज्ञात मृतक के शव का पंचायतनामा व आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा मौके पर साक्ष्य संकलित करने हेतु फील्ड यूनिट टीम / डाग स्क्वायड़ उपस्थित है। परन्तु अज्ञात शव का अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाया है।

अतः अनुरोध है कि नीचे फोटो में अंकित शव का शिनाख्त होने पर नीचे अंकित मो0नं0 पर सूचना देने की कृपा करें।

(फहद अली)

क्षेत्राधिकारी मऊ

जनपद चित्रकूट

मो0नं0-9454401357

(शिव आसरे)

प्रभारी निरीक्षक

थाना बरगढ़, चित्रकूट

मो0नं0-9305101105.9454403204

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रविन्द्र कटियार मय उ०नि० रमेश चन्द्र तिवारी एवं हमराहीगण द्वारा 05 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।

थाना राजापुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 1.समय लाल पुत्र राम मनोहर सोनकर निवासी गोस्वामी नगर कस्बा राजापुर 2.गोलू पुत्र दयाल सोनकर निवासी गिला मोड कस्बा राजापुर 3.अजय पुत्र जगदीश कुशवाह निवासी गोस्वामी नगर कस्बा राजापुर 4.जितेंद्र सोनकर पुत्र जलाल निवासी गोस्वामी नगर कस्बा राजापुर 5.आशीष कुमार पुत्र राकेश सोनकर निवासी काशीनगर कस्बा राजपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 3000/ रूपए व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 500 रुपए बरामद किए गए।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.उ0नि0 श्री रविन्द्र कटियार थाना राजापुर
2.उ0नि0 श्री रमेश चंद्र तिवारी
3.आरक्षी शुभम मिश्रा
4.आरक्षी शाकिर अली

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अखिलेश सिंह यादव मय हमराह मुख्य आरक्षी नागेंद्र सिंह के द्वारा अपराध संख्या 472/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के वारंटी अभियुक्त अवधेश पुत्र दयाराम निवासी गंगापुरवा बसिला थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट तथा प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री शिवआसरे के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री दिनेश त्रिपाठी मय उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार राय थाना बरगढ़ द्वारा मुकदमा नंबर 158/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारंटी अभियुक्त छेदीलाल पुत्र स्व0 राम भूषण निवासी कल्चीहा कॉलोनी थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री निशिकांत राय व उनकी टीम द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म करने के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**संक्षिप्त विवरण-**

उल्लेखनीय है कि थाना मानिकपुर निवासी एक वादी द्वारा थाना मानिकपुर पर सूचना दी कि बहन उम्र करीब 17 वर्ष से गाँव का अनिल साकेत 06 महिने से शादी का झांसा देकर अवैध सम्बन्ध बनाता रहा जिससे बहन करीब 06 माह की गर्भवती है। अनिल साकेत उपरोक्त से जब शादी करने के लिए कहा गया तो शादी से इन्कार कर दिया गया तथा कह रहा कि जो करना है कर लो मै शादी नही करुणाँ । इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 47/2026 धारा 69 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम अनिल साकेत पंजीकृत किया गया। पीड़िता के बयान 183 के आधार पर धारा 69 का लोप करके धारा 64(1) की बढ़ोतरी की गयी तथा शैक्षिक प्रमाम पत्र के आधार पर 3/4 पॉक्सो एक्ट का लोप किया गया। आज दिनांक 05.04.2026 को मु0अ0सं0 64(1) में आरोपी अभियुक्त अनिल साकेत को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.निरीक्षक श्री शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय
2.का0 अजीजउद्दीन

**(8).** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय चलाये जा रहे मादक पदार्थों का विनष्टीकरण/निस्तारण "ऑपरेशन दहन" के क्रम में माननीय न्यायालय एन0डी0पी0एस0 एक्ट/अपर सत्र कोर्ट चित्रकूट के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा (जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी सदस्य) की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के 14 मुकदमों में 140.330 किलोग्राम नाजायज गांजा का विनष्टीकरण किया गया।

**(9).** आज दिनाँक 05.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा की उपस्थिति में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु

कर्वी शहर के धनुष चौराहा,बस स्टैण्ड,काली देवी चौराहा,भगवानदीन चौराहा,लक्ष्णणपुरी,एलआईसी तिराहा,पटेल तिराहा आदि क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिया गया तथा पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।